**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । / Do not open this question booklet until you are asked to do so.**

**प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET**

# 134C

Question Booklet Number
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक →

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **16** | पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **150** |
| समय / Time : **3.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **300** |

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination before attempting the question paper kindly check your question booklet and OMR Answer Sheet and ensure that :
* The serial numbers of question booklet and OMR answer sheet are same.
* All pages of question booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions from S.No. **1** to last S.No. **150** are printed and pages from S.No. **1** to last S. No. **16** are there in the question booklet.

In case of any discrepancy / defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of question booklet and OMR answer sheet. No claim / objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D)**. You have to darken only one circle **or** bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
8. There will be no negative marking for wrong answer.
9. Use of Mobile Phone/Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

MASTER

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें किः
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **150** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **16** तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटा नहीं जायेगा ।
9. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 A person with blood group 'B' can donate blood to persons having -
(A) A and O blood groups
(B) B and O blood groups
(C) A and AB blood groups
(D) B and AB blood groups
'B' रुधिर वर्ग वाला व्यक्ति जिन रुधिर वर्गों के व्यक्तियों को रक्त दान कर सकता है, वह हैं –
(A) A एवं O रुधिर वर्गों को
(B) B एवं O रुधिर वर्गों को
(C) A एवं AB रुधिर वर्गों को
(D) B एवं AB रुधिर वर्गों को

2 Which shortcut key is used to delete a file permanently in Windows?
Windows में स्थायी रूप से किसी फ़ाइल को हटाने के लिए किस शार्टकट कुंजी का प्रयोग होता है?
(A) Shift + Delete (B) Delete
(C) Backspace (D) F2

3 Choose the correct alternative for translation of the technical term :
अनुपूरक
(A) backplane (B) practitioner
(C) plotter (D) supplement

4 If the height is doubled and the base is decreased by 20%, then the ratio of old area of the triangle and new area of the triangle is -
यदि ऊँचाई को दुगुना कर दिया जाये और आधार को 20% कम कर दिया जाये, तो त्रिभुज के पुराने क्षेत्रफल और त्रिभुज के नये क्षेत्रफल का अनुपात है –
(A) 2 : 3 (B) 4 : 5
(C) 5 : 8 (D) 3 : 8

5 Vitamin that acts as a hormone and increases absorption of calcium is -
(A) Vitamin $B_1$ (B) Vitamin K
(C) Vitamin D (D) Vitamin $B_2$
वह विटामिन जो हार्मोन की तरह कार्य करता है और कैल्सियम का अवशोषण बढ़ाता है –
(A) विटामिन बी$_1$ (B) विटामिन के
(C) विटामिन डी (D) विटामिन बी$_2$

6 Which of the following is the main component of jute fibre?
(A) Cellulose (B) Lignin
(C) Pectin (D) Hemicellulose
निम्न में से कौन–सा जूट तंतु का मुख्य घटक है?
(A) सेलुलोज़ (B) लिग्नीन
(C) पेक्टिन (D) हेमिसेलुलोज़

7 According to Mendel, the phenotypic ratio of $F_2$ generation of a dihybrid cross is -
मेन्डल के अनुसार एक द्विसंकर संकरण के द्वितीय संतति पीढ़ी का लक्षणप्रारूप अनुपात होगा –
(A) 3 : 1 (B) 1 : 2 : 1
(C) 9 : 3 : 3 : 1 (D) 15 : 1

8 Choose the correct option.
The tone of a circular should :
(A) be different for different kinds of audience
(B) remain the same for any kind of audience
(C) be humorous
(D) be strict

9 Which of the following features allow you to narrow down the data in your work sheet?
(A) Sorting
(B) Merge Cells
(C) Fill Handle
(D) Filters
निम्नलिखित में से कौन–सी सुविधा आपको अपनी वर्कशीट में डेटा को कम करने की अनुमति देती है?
(A) सॉर्टिंग (Sorting)
(B) मर्ज सेल्स (Merge Cells)
(C) फिल हैंडल (Fill Handle)
(D) फिल्टर्स (Filters)

10 Silver article turns black when kept in the open for a few days due to the formation of -
चाँदी के बर्तन हवा में कुछ दिन खुले रखने से क्या बनने के कारण काले हो जाते हैं?
(A) $H_2S$ (B) AgS
(C) $AgSO_4$ (D) $Ag_2S$

11 Which one of the following is NOT a feature of Rajiv Gandhi Scholarship for Academic Excellence Scheme, 2021 announced by Government of Rajasthan?
(A) It was announced on 20-08-2021 on the occasion of birth anniversary of Rajiv Gandhi.
(B) The objective of the scheme is to provide financial assistance to students of Rajasthan to study in top foreign universities.
(C) Minimum 33 percent seats are reserved for girls in this scheme.
(D) Higher priority is given to students whose parents' annual income is less than ₹ 8 lakhs.
निम्नलिखित में से राजस्थान सरकार द्वारा घोषित राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर ऐकेडेमिक एक्सीलेंस स्कीम, 2021 की विशेषता कौन सी नहीं है?
(A) इसकी घोषणा राजीव गांधी के जन्म दिवस पर 20-08-2021 को की गई थी।
(B) इस स्कीम का उद्देश्य राजस्थान के विद्यार्थियों को ऊँची विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता देना है।
(C) इस स्कीम में न्यूनतम 33% स्थान लड़कियों के लिए आरक्षित है।
(D) जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की वार्षिक आय ₹ 8 लाख से कम हो उनको उच्च प्राथमिकता दी गई है।

MASTER

12 A milk like preparation can be made from the seeds of ______.
(A) soyabean (B) gram
(C) maize (D) barley
______ के बीज द्वारा एक दूध जैसी सामग्री बनाई जा सकती है।
(A) सोयाबीन (B) चना
(C) मक्का (D) जौ

13 Which one of the following is directly related to the appellate jurisdiction of the Supreme Court of India?
(A) Appeals made in civil, criminal and constitutional cases
(B) Appeals made in constitutional cases only
(C) Adjudication of disputes between the Union and the States
(D) Adjudication of disputes between the States
निम्नलिखित में से कौन सा एक भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय अधिकार क्षेत्र से प्रत्यक्षतया सम्बन्धित है?
(A) दीवानी, अपराधिक तथा संवैधानिक मुकदमों की अपीलें
(B) केवल संवैधानिक मुकदमों में की गई अपीलें
(C) संघ और राज्यों के मध्य विवादों का न्याय निर्णयन
(D) राज्यों के मध्य विवादों का न्याय निर्णयन

14 If ratio of length of vertical rod and length of its shadow is $1:\sqrt{3}$, then angle of elevation of sun is-
एक उर्ध्वाधर छड़ की लम्बाई तथा इसकी छाया की लम्बाई का अनुपात $1:\sqrt{3}$ हो, तो सूर्य का उन्नयन कोण है –
(A) $30^{o}$ (B) $45^{o}$
(C) $60^{o}$ (D) $90^{o}$

15 The compound which gives alcohol on reduction is -
(A) alkyl cyanide
(B) alkyl isocyanide
(C) nitroalkane
(D) alkyl nitrite
वह यौगिक जिसके अपचयन से एल्कोहल मिलता है, वह है –
(A) ऐल्किल सायनाइड
(B) ऐल्किल आइसोसायनाइड
(C) नाइट्रोएल्केन
(D) ऐल्किल नाइट्राइट

16 The cube root of 512000 is -
512000 का घनमूल है –
(A) 50 (B) 60
(C) 70 (D) 80

17 'कनक' के अनेकार्थक को प्रकट करने वाला शब्द नहीं है –
(A) गेहूँ (B) किरण
(C) धतूरा (D) सोना

18 The Vagadi dialect is spoken in the ________ area of Rajasthan.
(A) South - eastern (B) South - western
(C) North - western (D) North - eastern
वागड़ी बोली राजस्थान के ________ क्षेत्र में बोली जाती है।
(A) दक्षिण – पूर्वी (B) दक्षिण – पश्चिमी
(C) उत्तर – पश्चिमी (D) उत्तर – पूर्वी

19 Rajasthan State Ganganagar Sugar Mill is a -
(A) Private sector company
(B) Cooperative sector company
(C) Government undertaking
(D) Joint undertaking of Government and private sector
राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल है –
(A) निजी क्षेत्र की कंपनी
(B) सहकारी क्षेत्र की कंपनी
(C) सरकारी उपक्रम
(D) सरकार व निजी क्षेत्र का संयुक्त उपक्रम

20 What is Nad?
(A) A long flute
(B) Four strips of wood
(C) Attached flutes
(D) One stringed instrument
नड क्या है?
(A) एक लम्बी बांसुरी
(B) लकड़ी की चार पट्टियाँ
(C) जुड़वां बांसुरियाँ
(D) एक तार वाला वाद्य

21 The members of Panchayat Samiti in Rajasthan are -
(A) directly elected.
(B) indirectly elected.
(C) nominated.
(D) appointed by the State Government.
राजस्थान में पंचायत समिति के सदस्य –
(A) प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं।
(B) अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होते हैं।
(C) मनोनीत होते हैं।
(D) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं।

22 The river Indravati is a tributary of the river ______.
(A) Godavari (B) Krishna
(C) Mahanadi (D) Kavery
इन्द्रावती नदी, ______ नदी की सहायक नदी है।
(A) गोदावरी (B) कृष्णा
(C) महानदी (D) कावेरी

MASTER

23 Replace the underlined part of the following sentence with one word from the options given below :
She teaches the science of the life of plants.
(A) botany (B) zoology
(C) biology (D) pathology

24 Which of the following is not used in the preparation of soap?
(A) Palmitic acid (B) Stearic acid
(C) Lauric acid (D) Benzoic acid
निम्न में कौन–सा साबुन बनाने में काम नहीं आता ?
(A) पामिटिक अम्ल (B) स्टिएरिक अम्ल
(C) लॉरिक अम्ल (D) बेन्जोइक अम्ल

25 DASH diet is recommended for patients suffering from disease -
(A) Gastritis (B) Liver cirrhosis
(C) Hypertension (D) Anaemia
डेश (डी.ए.एस.एच.) आहार उन रोगियों को प्रस्तावित की जाती है जो इस रोग से ग्रसित हैं –
(A) जठरशोथ (B) यकृत सिरोसिस
(C) उच्च रक्तचाप (D) रक्तहीनता

26 Two cubes of side 5 cm each are joined to form a cuboid, then the length of cuboid so formed is -
(A) 5 cm (B) 10 cm
(C) 15 cm (D) 20 cm
5 सेमी भुजा के दो घनों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। इस प्रकार बने घनाभ की लम्बाई है –
(A) 5 सेमी (B) 10 सेमी
(C) 15 सेमी (D) 20 सेमी

27 The official legal advisor to the state Government is -
(A) The Chief Justice
(B) The Attorney General
(C) The Advocate General
(D) High Court
राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देने के लिए अधिकृत है –
(A) मुख्य न्यायाधीश
(B) महान्यायवादी
(C) महा अधिवक्ता
(D) उच्च न्यायालय

28 Which data type is NOT in M.S. Excel?
(A) Number (B) Currency
(C) Label (D) Date / Time
इनमें से कौन–सा डेटा टाइप एम.एस. एक्सेल में नहीं है ?
(A) नम्बर (B) करेंसी
(C) लेबल (D) डेट / टाइम

29 For how many years biological patent is legal in India?
(A) 5 years (B) 10 years
(C) 15 years (D) 20 years
भारत में एक बायोपेटेंट कितने वर्ष तक वैध रहता है ?
(A) 5 वर्ष (B) 10 वर्ष
(C) 15 वर्ष (D) 20 वर्ष

30 Which among the following position is not held by Chief Minister of Rajasthan?
(A) Member of Inter State Council
(B) Member of National Development Council
(C) Chairman of Chief Minister's Advisory Council
(D) Chairman of Rajasthan State Human Rights Commission
निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान के मुख्य मंत्री का पद नहीं है ?
(A) अंतर्राज्य परिषद् का सदस्य
(B) राष्ट्रीय विकास परिषद् का सदस्य
(C) मुख्य मंत्री सलाहकार समिति का अध्यक्ष
(D) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष

31 Read the following passage and answer the question that follows, choosing the correct option:

Recent research into antibiotic - resistant bacterial strains suggests the need for a re-examination of the frequency with which doctors prescribe antibacterial therapy. One study demonstrated, for example, that most minor bacterial infections will resolve without treatment within 5 to 14 days of the onset of symptoms; a course of antibiotics might reduce that time frame by only 1 to 2 days. A second study indicates that the incidents of "superbugs", which have resistance to a wide variety of antibacterial agents, is increasing significantly and that these bugs are more likely to spread among those who have been treated with antibiotics within the past 5 years.

**Q.** The passage is primarily concerned with -
(A) discussing research into the symptoms of bacterial infections
(B) explaining a change in the frequency with which antibacterial therapy is prescribed.
(C) contrasting the views of doctors and medical researchers with respect to prescribing drugs.
(D) questioning the routine prescription of antibiotics for bacterial infections.

MASTER

32 R's salary is 30% higher than S's salary. The percent that S's salary is less than R's salary is -
R का वेतन S के वेतन से 30% अधिक है। R के वेतन के सन्दर्भ में S के वेतन की प्रतिशत कमी है –

(A) $22\frac{1}{13}\%$ (B) $23\frac{1}{13}\%$
(C) 30% (D) 25%

33 Which of the following decades in Rajasthan has highest population growth?
निम्नांकित में से कौन–से दशक में राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि दर उच्चतम रही ?
(A) 1911-21 (B) 2001-11
(C) 1971-81 (D) 1991-2001

34 Which of the following devices can perform both input and output functions?
(A) trackball
(B) communication device
(C) keyboard
(D) mouse
निम्नलिखित में से कौन–सा डिवाइस इनपुट एवं आउटपुट दोनों के कार्य कर सकता है ?
(A) ट्रेकबाल
(B) संचार डिवाइस
(C) की–बोर्ड
(D) माउस

35 A Sum becomes ₹ 8,800 in 4 years at simple interest at the yearly interest rate of 25% p.a. What is the sum (in rupees)?
एक राशि साधारण ब्याज पर 25% वार्षिक ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹ 8,800 हो जाती है। राशि (रुपये में) क्या है ?
(A) 1,100 (B) 2,200
(C) 3,300 (D) 4,400

36 'पथभ्रष्ट' शब्द में कौन–सा समास है ?
(A) अपादान तत्पुरुष (B) करण तत्पुरुष
(C) अधिकरण तत्पुरुष (D) संप्रदान तत्पुरुष

37 Which of the following reactions will not take place?
निम्न में से कौन–सी अभिक्रिया नहीं होती है ?
(A) $Zn + FeSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Fe$
(B) $2KI + Cl_2 \rightarrow 2KCl + I_2$
(C) $Zn + MgSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Mg$
(D) $Mg + CuSO_4 \rightarrow MgSO_4 + Cu$

38 The Summit of the Shanghai Cooperation Organisation (SCO) was hosted by which country from 15-16 September, 2022?
(A) India (B) Kazakhstan
(C) Tajikistan (D) Uzbekistan
शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी 15-16 सितम्बर, 2022 को किस देश ने की थी ?
(A) भारत (B) कज़ाखस्तान
(C) तजीकिस्तान (D) उज़्बेकिस्तान

39 Where is 'Great Indian Bustard' found?
(A) Ranthambhore
(B) Keoladeo
(C) Desert National Park
(D) Sajjangarh
'गोंडावन' कहाँ पाई जाती है ?
(A) रणथम्भौर
(B) केवलादेव
(C) राष्ट्रीय मरु उद्यान
(D) सज्जनगढ़


40 The power of a convex lens is -
(A) positive (B) negative
(C) zero (D) infinite
उत्तल लेंस की क्षमता होती है –
(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक
(C) शून्य (D) अनन्त

41 Who was the first Chief Minister of Ajmer state?
(A) Bal Krishna Kaul
(B) Hari Bhau Upadhyaya
(C) Heeralal Shastri
(D) Jai Narayan Vyas
अजमेर राज्य के प्रथम मुख्य मंत्री कौन थे ?
(A) बाल कृष्ण कौल
(B) हरि भाऊ उपाध्याय
(C) हीरालाल शास्त्री
(D) जय नारायण व्यास





MASTER

42 Which of the answer figures marked A, B, C and D is exactly the mirror image of the main figure?
A, B, C और D में से कौन–सी उत्तर आकृति दी गई मुख्य आकृति की दर्पण छवि है ?

**Main Figure / मुख्य आकृति**



**Answer Figures / उत्तर आकृतियाँ**

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

43 A cross between heterozygous progeny with its homozygous parent is known as -
(A) Test cross (B) Effective cross
(C) Back cross (D) Pure cross
विषमयुग्मकी सन्तान तथा उसके समयुग्मकी जनक के मध्य संकरण को कहते हैं –
(A) परीक्षण संकरण (B) प्रभावी संकरण
(C) पूर्वज संकरण (D) शुद्ध संकरण

44 When was National Rural Employment Guarantee Scheme was renamed as Mahatma Gandhi National Rural Employment Scheme?
(A) 2 October, 2005 (B) 2 October, 2009
(C) 2 October, 2008 (D) 2 October, 2010
राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी स्कीम का नाम बदल कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार स्कीम कब किया गया ?
(A) 2 अक्टूबर, 2005 (B) 2 अक्टूबर, 2009
(C) 2 अक्टूबर, 2008 (D) 2 अक्टूबर, 2010

45 Which of the following organisation was founded in 1921 in Shekhawati under the impact of Non-cooperation Movement?
(A) Shekhawati Sudhar Sangh
(B) Chirawa Sewa Samiti
(C) Shekhawati Kisan Panchayat
(D) Shekhawati Prajamandal
निम्नलिखित में से शेखावाटी में किस संगठन की स्थापना 1921 में असहयोग आन्दोलन के प्रभाव में हुई थी ?
(A) शेखावाटी सुधार संघ
(B) चिड़ावा सेवा समिति
(C) शेखावाटी किसान पंचायत
(D) शेखावाटी प्रजामण्डल

46 Convert the following indirect speech into direct speech by choosing the correct option :
He inquired whether his name was not Ahmed.
(A) He said to him, "Is not your name Ahmed?"
(B) He said to him, "Was not your name Ahmed?"
(C) He said, "Was not his name Ahmed?"
(D) He said to him, "Is not his name Ahmed?"

47 In which one of the following forts is Jhalibab Baori and Mamadev Ka Kund located?
(A) Chittorgarh (B) Gagron fort
(C) Kumbhalgarh fort (D) Taragarh (Bundi)
झालीबाब बावड़ी और मामादेव का कुण्ड निम्नलिखित में से किस दुर्ग में स्थित है ?
(A) चित्तौड़गढ़ (B) गागरौण दुर्ग
(C) कुम्भलगढ़ दुर्ग (D) तारागढ़ (बूंदी)

48 निम्नलिखित में से प्रत्यय रहित शब्द कौन–सा है ?
(A) पत्रकार (B) दुस्साहस
(C) धैर्यवान (D) पुत्रवत्

49 'आह्वान' शब्द का विलोम है –
(A) अनृत (B) आभ्यन्तर
(C) आर्द्र (D) विसर्जन

50 Gregor Mendel, through his work on which of the following, discovered the laws of inheritance?
(A) Beetles (B) Mustard
(C) Sea Urchin (D) Peas
ग्रेगर मेण्डल ने किस पर कार्य कर अनुवंशिकी के नियम प्रतिपादित किए ?
(A) भृंगों (B) सरसों
(C) समुद्री अर्चिन (D) मटर

51 Change the voice of the following sentence from the options given below :
Who teaches you such things?
(A) By who was you taught such things?
(B) By whom you were taught such things?
(C) By whom are you taught such things?
(D) You were taught such things by whom?

52 India's first electronic bank guarantee is issued by which bank?
किस बैंक द्वारा भारत की प्रथम इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी की गई है ?
(A) HDFC (B) SBI
(C) PNB (D) BOB

MASTER

53 $\cot^2\theta - cosec^2\theta = ?$

(A) 0 (B) 1
(C) –1 (D) 2

54 In MS Word, when the page margins are altered or when the text does not fit on the current line, which feature automatically moves the text to the next line?

(A) Word Wrap (B) Word Enter
(C) Word Format (D) Word Scroll

एमएस वर्ड में, जब पेज मार्जिन ऑल्टर किये जाते हैं या जब टेक्सट करंट लाइन पर फिट नहीं होता, तब कौन–सा फीचर टेक्सट को स्वतः ही नेक्सट लाइन में मूव कर सकता है ?

(A) वर्ड रैप (B) वर्ड एंटर
(C) वर्ड फॉर्मेट (D) वर्ड स्क्रोल

55 If in a imaginary language the digits 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 are substituted by *l*, m, n, o, p, q, r, s, t, u respectively and 21 is written as nm, then $\left[(to - qr) \times mn\right]$ is equal to -

यदि एक काल्पनिक भाषा में अंकों 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 को क्रमशः *l*, m, n, o, p, q, r, s, t, u से प्रतिस्थापित किया गया है तथा 21 को nm लिखा जाता है, तो $\left[(to - qr) \times mn\right]$ बराबर है –

(A) onp (B) –qtu
(C) –onp (D) qtu

56 निम्नलिखित में किस विकल्प में भाववाचक संज्ञायुक्त शब्द है ?

(A) पहाड़, नदी (B) मोहन, लड़का
(C) गंगा, जयपुर (D) बचपन, योग्यता

57 Who was the father of Ajayraj Chauhan of Ajmer?

(A) Chandraraj II (B) Vigrahraj II
(C) Durlabhraj II (D) Prithviraj I

अजमेर के अजयराज चौहान के पिता कौन थे ?

(A) चन्द्रराज द्वितीय (B) विग्रहराज द्वितीय
(C) दुर्लभराज द्वितीय (D) पृथ्वीराज प्रथम

58 As per Thornthwaite's classification which of the following represents the climate of Jaisalmer?

थार्नथ्वेट के वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा जैसलमेर की जलवायु को प्रस्तुत करता है ?

(A) EA'd (B) CA'w
(C) DA'w (D) DB'w

59 Which district of Rajasthan is the part of very humid climate region?

(A) Ajmer (B) Kota
(C) Jaipur (D) Bikaner

राजस्थान का कौन–सा ज़िला अति आर्द्र जलवायु प्रदेश का भाग है ?

(A) अजमेर (B) कोटा
(C) जयपुर (D) बीकानेर

60 Lakshya Sen and Kidambi Srikanth are associated with which one of the following sports?

(A) Football (B) Cricket
(C) Badminton (D) Tennis

लक्ष्य सेन एवं किदाम्बी श्रीकांत निम्नलिखित में से किस खेल से सम्बंधित हैं ?

(A) फुटबाल (B) क्रिकेट
(C) बैडमिन्टन (D) टेनिस

61 जिस समास में पहले शब्द के बाद कारक चिह्न किसी न किसी रूप में विद्यमान रहता है, उसे कहते हैं ?

(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व
(C) अलुक् तत्पुरुष (D) संप्रदान तत्पुरुष

62 In India, the Coniferous trees are found in _______.

(A) Mangrove Forests
(B) Tropical Evergreen Forests
(C) Tropical Thorn Forests
(D) Mountain Forests

भारत में शंकुधारी वृक्ष _______ में पाए जाते हैं।

(A) मैंग्रोव वन
(B) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(C) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन
(D) पर्वतीय वन

63 Under whose leadership was the excavation work of Ahar accomplished?

(A) V. S. Wakankar (B) H. D. Sankalia
(C) B. B. Lal (D) V. N. Misra

आहड़ का उत्खनन कार्य किसके नेतृत्व में निष्पादित हुआ था ?

(A) वी. एस. वाकणकर (B) एच. डी. सांकलिया
(C) बी. बी. लाल (D) वी. एन. मिश्रा

64 'Arun Hydroelectric Project' is result of co-operation between India and _______.

(A) Bhutan (B) Nepal
(C) Afghanistan (D) Myanmar

'अरुण जलविद्युत परियोजना' भारत एवम् _______ के सहयोग का परिणाम है।

(A) भूटान (B) नेपाल
(C) अफगानिस्तान (D) म्यांमार

65 Rajiv Gandhi Rural Olympic games were inaugurated by Chief Minister of Rajasthan in _______.

(A) Jodhpur (B) Jaipur
(C) Jalore (D) Hanumangarh

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन राजस्थान के मुख्य मंत्री द्वारा _______ में किया गया।

(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) जालौर (D) हनुमानगढ़

MASTER

66 What is the value of $\sqrt{\dfrac{0.064 \times 6.25}{0.081 \times 4.84}}$ ?

$\sqrt{\dfrac{0.064 \times 6.25}{0.081 \times 4.84}}$ का मान क्या है ?

(A) 9
(B) $\dfrac{10}{9}$
(C) $\dfrac{10}{99}$
(D) $\dfrac{100}{99}$

67 Who was the Chairman of First Finance Commission of Rajasthan?
(A) Heeralal Devpura
(B) Krishna Kumar Goyal
(C) Jyoti Kiran
(D) Manik Chand Surana
राजस्थान के प्रथम वित्त आयोग का अध्यक्ष कौन था ?
(A) हीरालाल देवपुरा
(B) कृष्ण कुमार गोयल
(C) ज्योति किरण
(D) माणिक चंद सुराणा


68 BIOS is a part of which of the following?
बायोस निम्न में से किस का हिस्सा है ?
(A) RAM
(B) LAN
(C) ROM
(D) WAN

69 Which of the following is a physical change?
(A) Rusting of iron
(B) Combustion of magnesium ribbon
(C) Burning of candle
(D) Melting an ice cube
निम्नलिखित में से भौतिक परिवर्तन कौन सा है ?
(A) लोहे में जंग लगना
(B) मैग्नीशियम रिबन का दहन
(C) मोमबत्ती का जलना
(D) बर्फ का पिघलना


70 How many times do the hands of a clock coincide in 36 hours?
36 घण्टों में एक घड़ी की सुइयाँ कितनी बार मिलती हैं ?
(A) 33
(B) 35
(C) 36
(D) 39

71 Find the missing number.
लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
$47 * 38 = 8374,\ 53 * 16 = 6135,\ 20 * 92 = ?$
(A) 1840
(B) 2902
(C) 2920
(D) 9220

72 Consider the following situation, what can be said about emergent ray / rays?




(A) VIBGYOR
(B) a red light
(C) a white light
(D) a violet light
निम्नलिखित स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्गत किरण / किरणों के बारे में क्या कहा जा सकता है ?




(A) विबग्योर (VIBGYOR)
(B) लाल प्रकाश
(C) सफेद प्रकाश
(D) बैंगनी प्रकाश

73 In how many phases the integration of Rajasthan was completed?
(A) Five
(B) Six
(C) Seven
(D) Eight
राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूरा हुआ ?
(A) पाँच
(B) छः
(C) सात
(D) आठ

74 Choose the correct tense of the verb given in the bracket.
Do you (speak) English?
(A) spoke
(B) spoken
(C) speak
(D) speaking

75 Choose the correct antonym of the following word from the options given :
Freedom
(A) slavery
(B) liberty
(C) unchained
(D) independence

76 'ऋग्वेद' शब्द का सही संधि विच्छेद है –
(A) ऋ + वेद
(B) त्रिक + वेद
(C) ऋक् + वेद
(D) ऋत् + वेद

MASTER

77 Most of the pathogenic organisms that cause diarrhoea are transmitted by -
(A) Droplets
(B) Faecal - oral route
(C) Insect - bite
(D) Animal to person contact

अधिकांश रोगजनक जीव जो अतिसार का कारण बनते हैं, वे संचारित होते हैं –
(A) बूंदों से
(B) मल–मौखिक मार्ग से
(C) कीड़े के काटने से
(D) पशु का व्यक्ति से संपर्क से

78 'चींटी के पर लगना' मुहावरे का सही अर्थ है –
(A) विनाश के लक्षण प्रकट होना
(B) जवाब न देना
(C) घबराहट होना
(D) अधिक घमण्ड करना

79 Which of the following sections does not exist in a slide layout?
(A) Titles (B) Charts
(C) Lists (D) Animations

निम्नलिखित में से कौन–सा अनुभाग स्लाइड लेआऊट में मौजूद नहीं है ?
(A) टाइटल्स (B) चार्ट्स
(C) लिस्ट्स (D) ऐनिमेशन्स

80 A man sold two tables for ₹ 720 each. On one he gained 20% and on the other he lost 20%. Find his total loss or gain in this transaction.
(A) No loss no gain (B) Profit of ₹ 40
(C) Loss of ₹ 40 (D) Loss of ₹ 60

एक आदमी ने दो मेज प्रत्येक ₹ 720 में बेची । एक पर उसे 20% लाभ तथा दूसरी पर 20% हानि हुई, तो ज्ञात करो कि पूरे सौदे में कुल कितनी हानि या लाभ हुआ ?
(A) न हानि न लाभ (B) ₹ 40 का लाभ
(C) ₹ 40 की हानि (D) ₹ 60 की हानि

81 The river which is known as the sorrow of West Bengal is -
(A) Damodar (B) Brahmaputra
(C) Gandak (D) None of these

नदी, जिसे पश्चिम बंगाल का शोक कहा जाता है, वह है –
(A) दामोदर (B) ब्रह्मपुत्र
(C) गण्डक (D) इनमें से कोई नहीं

82 The ratio of radii of two right circular cylinders is 2 : 3 and the ratio of their heights is 5 : 4, then the ratio of their curved surface areas and volumes are respectively :

दो लम्बवृत्तीय बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 2 : 3 तथा ऊँचाईयों का अनुपात 5 : 4 है, तो दोनों बेलनों के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतनों का अनुपात क्रमशः है –
(A) 5 : 6; 5 : 9 (B) 5 : 9; 5 : 6
(C) 6 : 5; 9 : 5 (D) 9 : 5; 6 : 5

83 The process of arranging items of a column in a particular sequence or order is called as -
(A) Arranging (B) Autofill
(C) Sorting (D) Filtering

किसी कॉलम के आइटम्स को कुछ अनुक्रम या क्रम (सीक्वेंस या आर्डर) में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को कहा जाता है :
(A) अरेंजिंग (B) ऑटोफिल
(C) सॉर्टिंग (D) फिल्टरिंग

84 In hexadecimal number system the value of the base is :

हेक्साडेसिमल संख्या प्रणाली में आधार का मान होता है :
(A) 2 (B) 6
(C) 8 (D) 16

85 In a mirror the image of an X object appeared to be inverted and enlarged. The type of mirror is -
(A) Plane mirror (B) Concave mirror
(C) Convex mirror (D) Parabolic mirror

एक दर्पण में किसी वस्तु X का प्रतिबिम्ब उल्टा व वस्तु से बड़ा बनता है। दर्पण की प्रकृति है –
(A) समतल दर्पण (B) अवतल दर्पण
(C) उत्तल दर्पण (D) परवलयिक दर्पण

86 Choose the incorrect statement -
(A) Graphite has layered structure
(B) Graphite contains delocalized electrons
(C) Graphite can be used as a lubricant
(D) Graphite can not conduct electricity

असत्य कथन को छांटिए –
(A) ग्रेफाइट की परतीय संरचना होती है।
(B) ग्रेफाइट में विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन होते हैं।
(C) ग्रेफाइट को एक स्नेहक के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है।
(D) ग्रेफाइट विद्युत प्रवाहित नहीं करता है।

MASTER

87 Who was the first Indian to scale Kanchenjunga in 1977 and is known as 'Snow Tiger', who died recently in October, 2022?
(A) Col. Prem Chand
(B) Pankaj Kumar
(C) Umesh Zirpe
(D) Colonel Narendra Kumar
कौन 'स्नो टाइगर' नाम से जाना जाने वाला एवं 1977 में कंचनजंगा को फतेह करने वाला प्रथम भारतीय था, जिसकी हाल ही में अक्टूबर, 2022 में मृत्यु हो गई ?
(A) कर्नल प्रेमचन्द
(B) पंकज कुमार
(C) उमेश ज़िर्पे
(D) कर्नल नरेन्द्र कुमार

88 निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं ?
(A) कोंतेय, क्रति, केकैयी
(B) कृतकृत्य, केश, औषध
(C) श्रृंगार, संगृहीत, ऐक्य
(D) तदुपरांत, तत्त्वावधान, तदनंतर

89 If the average of m numbers is $n^2$ and that of n numbers is $m^2$, then average of $(m + n)$ numbers is -
यदि m संख्याओं का औसत $n^2$ है और इसी तरह n संख्याओं का औसत $m^2$ है, तब $(m + n)$ संख्याओं का औसत है –
(A) $m + n$ (B) $m - n$
(C) $mn$ (D) $m/n$

90 Who is chairman of DRDO? (As on 18th December, 2022)
(A) Samir V. Kamat (B) Dr. Vijay Singh
(C) Dr. Alok Jain (D) Rajwant B. Singh
DRDO के अध्यक्ष कौन हैं ? (18 दिसम्बर, 2022 के अनुसार)
(A) समीर वी. कामत (B) डॉ. विजय सिंह
(C) डॉ. आलोक जैन (D) राजवन्त बी. सिंह

91 The edge of a cube is increased by 20%, then its volume is increased by -
एक घन के किनारे में 20% की वृद्धि की जाती है, तब इसके आयतन में हुई वृद्धि है –
(A) 20% (B) 60%
(C) 72.8% (D) 80%

92 Amarshahi is the name of -
(A) Jooti (Footwear) (B) Jewellery
(C) Terracotta Vessel (D) Pagdi
अमरशाही किसका नाम है ?
(A) जूती (B) आभूषण
(C) मिट्टी का बर्तन (D) पगड़ी

93 What proportion of area of state of Rajasthan is desert?
(A) Half (B) Two-third
(C) One-third (D) One-fourth
राजस्थान राज्य का कितना भाग मरुस्थलीय क्षेत्र है ?
(A) आधा (B) दो–तिहाई
(C) एक–तिहाई (D) एक–चौथाई

94 Select the odd man.
(A) Taka (B) Rubal
(C) Riyadh (D) Riyal
विषम को छांटिए।
(A) टका (B) रूबल
(C) रियाद (D) रियाल

95 During the period of which Maharana of Mewar was "Chiteron Ki Ovari" an art school in the palace established?
(A) Maharana Pratap
(B) Maharana Amar Singh
(C) Maharana Jagat Singh I
(D) Maharana Jai Singh
मेवाड़ के किस महाराणा के समय राजमहल में ''चितेरों की ओवरी'' नाम से कला विद्यालय स्थापित किया गया ?
(A) महाराणा प्रताप
(B) महाराणा अमर सिंह
(C) महाराणा जगत सिंह प्रथम
(D) महाराणा जय सिंह

96 In which physical region of Rajasthan Mukundra Hills are located?
(A) North Aravali (B) Middle Aravali
(C) South Aravali (D) Hadoti Plateau
राजस्थान के किस भौतिक प्रदेश में मुकुंदरा की पहाड़ियाँ स्थित हैं ?
(A) उत्तरी अरावली (B) मध्य अरावली
(C) दक्षिणी अरावली (D) हाड़ौती पठार

97 Fill in the blank with the appropriate article.
Eat _______ banana everyday to keep yourself healthy.
(A) a (B) the
(C) an (D) zero article

98 The least distance of distinct vision for a young adult with normal vision is about -
सामान्य दृष्टि वाले युवा वयस्क के लिए निकट बिंदु दूरी क्या है ?
(A) 25 m (मी) (B) 2.5 cm (सेमी)
(C) 25 cm (सेमी) (D) 2.5 m (मी)

MASTER

MASTER

99 In which budget year was Chief Minister of Rajasthan declared the 'Rajyastariya Panchayat Award Yojana'?
किस बजट वर्ष में राजस्थान के मुख्य मंत्री ने 'राज्यस्तरीय पंचायत अवार्ड योजना' की घोषणा की थी ?
(A) 2013-14 (B) 2015-16
(C) 2014-15 (D) 2016-17

100 Justice Pankaj Mithal is ______ Chief Justice of Rajasthan High Court.
(A) $38^{th}$ (B) $49^{th}$
(C) $29^{th}$ (D) $40^{th}$
जस्टिस पंकज मिथल राजस्थान उच्च न्यायालय के ______ वें मुख्य न्यायाधीश हैं।
(A) 38 (B) 49
(C) 29 (D) 40

101 Where was Bhakti Saint Ranabai born?
(A) Harnawa (B) Dehara
(C) Pilibanga (D) Sanchore
भक्ति संत रानाबाई का जन्म कहाँ हुआ था ?
(A) हरनांवा में (B) डेहरा में
(C) पीलीबंगा में (D) सांचोर में

102 In Rajasthan 'Mission Buniyad' is related to -
(A) Digital learning
(B) E-Health services
(C) Poverty eradication
(D) Police reforms
राजस्थान में 'मिशन बुनियाद' का संबंध है –
(A) डिजिटल लर्निंग से
(B) ई–हेल्थ सेवाओं से
(C) गरीबी उन्मूलन से
(D) पुलिस सुधार से

103 Which place is famous for Ajarkha Print in Rajasthan?
(A) Jaisalmer (B) Sanganer
(C) Barmer (D) Kota
अजरखा प्रिन्ट के लिए राजस्थान का कौन–सा स्थान प्रसिद्ध है ?
(A) जैसलमेर (B) सांगानेर
(C) बाड़मेर (D) कोटा

104 'Amendment' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है –
(A) परिवर्तन (B) सहमति
(C) अनुमोदन (D) संशोधन

105 The term ecology was coined by -
(A) Brown (B) Aristotle
(C) Reiter (D) Khorana
शब्द पारिस्थितिकी को सर्वप्रथम दिया है –
(A) ब्राउन (B) अरस्तु
(C) रीटर (D) खुराना

106 'Terah Tali' dance is performed in the praise of Folk God ______.
(A) Gogaji (B) Mallinathji
(C) Tejaji (D) Ramdevji
'तेरहताली' नृत्य ______ लोक देवता की स्तुति में किया जाता है।
(A) गोगाजी (B) मल्लीनाथजी
(C) तेजाजी (D) रामदेवजी

107 Which mountaineer has become the first Indian Woman to scale the summits of five peaks above 8000 metres?
(A) Arunima Sinha (B) Priyanka Mohite
(C) Premlata Agarwal (D) Malavath Purna
कौन–सी पर्वतारोही पाँच 8000 मीटर से ऊँची चोटियों के शिखर पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला है ?
(A) अरुनिमा सिन्हा (B) प्रियंका मोहिते
(C) प्रेमलता अग्रवाल (D) मालावत पूर्णा

108 If $x = \frac{1}{1+\sqrt{2}}$, then the value of $x^2 + 2x + 3$ is -
यदि $x = \frac{1}{1+\sqrt{2}}$ है, तो $x^2 + 2x + 3$ का मान है –
(A) $2+\sqrt{2}$ (B) $3+\sqrt{2}$
(C) 4 (D) 0

109 Salute - I is a -
(A) Geostationary Satellite
(B) Rocket
(C) Constellation
(D) Space Station
सैल्यूट – I है एक –
(A) भूस्थिर उपग्रह
(B) रॉकेट
(C) नक्षत्र
(D) अन्तरिक्ष स्टेशन

110 Translate the following sentence into Hindi :
He called a taxi for me.
(A) उसने मुझे एक टैक्सी कहा।
(B) उसने मुझे टैक्सी पुकारा।
(C) उसने मेरे लिए एक टैक्सी बुलाई।
(D) वह मेरे लिए एक टैक्सी लाया।

111 Mahesh is $12^{th}$ from left and Suresh is $12^{th}$ from right in a line of 19 boys. How many boys are between them?
19 लड़कों की एक पंक्ति में महेश बायीं ओर से 12 वाँ तथा सुरेश दायीं ओर से 12 वाँ है। दोनों के मध्य कितने लड़के हैं?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

112 Which one of the following is newer mountain range?
(A) Annamalai (B) Aravali
(C) Shivalik (D) Vindhyan
निम्नलिखित में से कौन सी नवीनतम पर्वत शृंखला है?
(A) अन्नामलाई (B) अरावली
(C) शिवालिक (D) विन्ध्यन

113 Camel Research Centre is located at -
(A) Barmer (B) Bikaner
(C) Jalore (D) Sri Ganganagar
ऊँट अनुसंधान केन्द्र स्थित है –
(A) बाड़मेर में (B) बीकानेर में
(C) जालोर में (D) श्रीगंगानगर में

114 'क्षणिक क्रोध जीवन नष्ट कर देता है' वाक्य में कौन–सा विशेषण है?
(A) संकेतवाचक (B) परिमाणवाचक
(C) संख्यावाचक (D) गुणवाचक

115 How much percent area should be under forests in the plain area according to National Forest Policy?
राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार मैदानी क्षेत्र में कितने प्रतिशत तक क्षेत्र वनों के अन्तर्गत होना चाहिए?
(A) 33% (B) 20%
(C) 9.32% (D) 3.83%

116 If Ranchi is called Raipur, Raipur is called Patna, Patna is called Cuttack and Cuttack is called Bhopal, then what is the capital of Bihar?
(A) Ranchi (B) Patna
(C) Bhopal (D) Cuttack
यदि राँची को रायपुर कहा जाता है, रायपुर को पटना कहा जाता है, पटना को कटक कहा जाता है तथा कटक को भोपाल कहा जाता है, तो बिहार की राजधानी क्या है?
(A) राँची (B) पटना
(C) भोपाल (D) कटक

117 Choose the correct preposition to fill in the blank.
Warning ! No unauthorized personnel ________ this point.
(A) since (B) of
(C) beyond (D) besides

118 Which of the following districts of the state are located on the international boundary from south to north?
(A) Ganganagar, Bikaner, Jaisalmer and Barmer
(B) Barmer, Jaisalmer, Bikaner and Ganganagar
(C) Jalore, Jaisalmer, Bikaner and Ganganagar
(D) Ganganagar, Bikaner, Jaisalmer and Jalore
राज्य के कौन से ज़िले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण से उत्तर की ओर स्थित हैं?
(A) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर
(B) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(C) जालौर, जैसलमेर, बीकानेर एवं गंगानगर
(D) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं जालौर

119 The ratio of the side and height of an equilateral triangle is -
समबाहु त्रिभुज की भुजा और ऊँचाई का अनुपात होता है –
(A) $2:\sqrt{3}$ (B) $\sqrt{3}:2$
(C) $2:1$ (D) $\sqrt{3}:1$

120 $\log\left\{\frac{4lm}{k}\right\}$ is equal to -
$\log\left\{\frac{4lm}{k}\right\}$ का मान है –
(A) $\log 4 + \log l + \log m + \log k$
(B) $2\log 2 + \log l + \log m - \log k$
(C) $\log 4 - \log l - \log m - \log k$
(D) $\log 2 + \log l - \log m + \log k$

121 What is 'Mokri'?
(A) Lac Bangles
(B) Woollen carpets
(C) Terra-cotta Pottery
(D) Wooden toys
'मोकड़ी' क्या है?
(A) लाख की चूड़ियाँ
(B) ऊन की दरियाँ
(C) मिट्टी के बर्तन
(D) लकड़ी के खिलौने

122 The first space ship sent out of the solar system was -
(A) Chandrayan - 2 (B) Mangalyan
(C) Pioneer - 1 (D) Pioneer - 10
सौर मण्डल के बाहर भेजा गया पहला अन्तरिक्ष यान था –
(A) चन्द्रयान - 2 (B) मंगलयान
(C) पायोनियर - 1 (D) पायोनियर - 10

MASTER

**123** Nobel Peace Prize, 2022 was given to Ales Bialiatski.
He is from which of the following countries?
(A) Ukraine (B) Belarus
(C) Russia (D) England
एलेस बालियात्स्की को नोबेल शान्ति पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया गया।
वे निम्नलिखित में से किस देश से हैं ?
(A) यूक्रेन (B) बेलारूस
(C) रूस (D) इंग्लैण्ड

**124** Which of the following industrial areas is not located at Jodhpur?
(A) Pal Shilp Gram (B) Boranada - III
(C) Napasar (D) Mandore
निम्न में से कौन सा औद्योगिक क्षेत्र जोधपुर में स्थित नहीं है ?
(A) पाल शिल्प ग्राम (B) बोरानाड़ा - III
(C) नापासर (D) मंडोर

**125** The blood cells that protect the body from microbes and other foreign substances are -
(A) Erythrocytes (B) Leukocytes
(C) Platelets (D) Lymphocytes
रक्त कोशिकाएं जो शरीर को सूक्ष्मजीवों और अन्य बाहरी पदार्थों से सुरक्षित रखती हैं, वे हैं –
(A) रक्ताणु (B) श्वेताणु
(C) पट्टिकाणु (D) लसिकाणु

**126** Which of the following statements is incorrect regarding Governor of Rajasthan?
(A) The Governor's Secretariat is working to provide administrative support to Governor.
(B) The chief of Governor's Secretariat is Secretary of Governor who is an officer of Rajasthan Administrative Services.
(C) The decisions taken under the discretionary power of the Governor can not be challenged in the court.
(D) The Governor cannot grant pardon in the case of death sentence.
निम्न में से कौन सा कथन राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में असत्य है ?
(A) राज्यपाल को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिये राज्यपाल सचिवालय कार्यरत है।
(B) राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।
(C) राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों से लिये गये निर्णयों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
(D) राज्यपाल को मृत्युदंड के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान की शक्ति प्राप्त नहीं है।

**127** निम्नलिखित में से कौन–सा सरकारी पत्र नहीं है ?
(A) परिपत्र (B) अनुस्मारक
(C) अधिसूचना (D) आवेदन पत्र

**128** In a triangle $\Delta ABC$, $2\angle A = 3\angle B = 6\angle C$, then $\angle A, \angle B$ and $\angle C$ respectively are -
एक त्रिभुज $\Delta ABC$ में $2\angle A = 3\angle B = 6\angle C$, तो $\angle A, \angle B$ तथा $\angle C$ क्रमशः हैं –
(A) $60^o, 90^o, 30^o$ (B) $90^o, 60^o, 30^o$
(C) $30^o, 60^o, 90^o$ (D) $90^o, 45^o, 45^o$

**129** Which district is not situated in very humid climatic region?
(A) Sirohi
(B) Northern Chittorgarh
(C) Banswara
(D) Baran
अति आर्द्र जलवायु प्रदेश में कौन–सा ज़िला स्थित नहीं है ?
(A) सिरोही
(B) उत्तरी चित्तौड़गढ़
(C) बांसवाड़ा
(D) बारां

**130** Who among the following, Governor consults for the appointment of Lokayukta in Rajasthan?
(A) Chief Minister
(B) Chief Minister and Chief Justice of High Court
(C) Chief Justice of High Court and leader of opposition in the Assembly
(D) Chief Minister, Chief Justice of High Court and leader of opposition in the Assembly
राजस्थान में राज्यपाल लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए निम्न में से किसके साथ परामर्श करता है ?
(A) मुख्य मंत्री
(B) मुख्य मंत्री और उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(C) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और विधान सभा में प्रतिपक्ष का नेता
(D) मुख्य मंत्री, उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और विधान सभा में प्रतिपक्ष का नेता

**131** Who among the following won his $25^{th}$ world title at the World Billiards Championship held at Kuala Lumpur on 8-10-2022?
(A) Saurav Kothari (B) Pankaj Advani
(C) Geet Sethi (D) Aditya Mehta
निम्नलिखित में से किसने 8-10-2022 को कुआलालम्पुर में आयोजित विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशीप में अपना 25 वाँ विश्व खिताब जीता ?
(A) सौरव कोठारी (B) पंकज अडवानी
(C) गीत सेठी (D) आदित्य मेहता

MASTER

**132** A group of 1200 persons consisting of captains and soldiers is travelling in a train. For every 15 soldiers there is one captain. The number of captains in the group is -
कप्तान एवं सैनिकों के 1200 व्यक्तियों का एक समूह ट्रेन से यात्रा कर रहा है। यहाँ प्रत्येक 15 सैनिकों पर एक कप्तान है। इस समूह में कप्तानों की संख्या है –
(A) 72 (B) 75
(C) 80 (D) 85

**133** Vijay Hazare Trophy is associated with which sport?
(A) Football (B) Hockey
(C) Volley-ball (D) Cricket
विजय हज़ारे ट्रॉफी का सम्बन्ध किस खेल से है ?
(A) फुटबाल (B) हॉकी
(C) वॉलीबाल (D) क्रिकेट

**134** Which one of the following Articles of Indian Constitution deals with the Oath of Governor?
(A) Article 154 (B) Article 155
(C) Article 158 (D) Article 159
भारत के संविधान के निम्नलिखित किस अनुच्छेद में राज्यपाल की शपथ का प्रारूप दिया गया है ?
(A) अनुच्छेद 154 (B) अनुच्छेद 155
(C) अनुच्छेद 158 (D) अनुच्छेद 159

**135** In which year Government of Rajasthan unbundled Rajasthan State Electricity Board (RSEB) into five Government Companies?
राजस्थान सरकार ने किस वर्ष में राजस्थान राज्य विद्युत बोर्ड को पाँच सरकारी कम्पनियों में बांट दिया था ?
(A) 2012 (B) 2007
(C) 1995 (D) 2000

**136** When was Rajasthan Foundation set up?
राजस्थान फाउण्डेशन की स्थापना कब हुई ?
(A) 2001 (B) 2000
(C) 2002 (D) 2003

**137** What is the main attraction of the Kanan Fair of Barmer?
(A) Gidda dance (B) Bhawai dance
(C) Ghudla dance (D) Gair dance
बाड़मेर के कानन मेले का मुख्य आकर्षण क्या है ?
(A) गिद्द नृत्य (B) भवई नृत्य
(C) घुड़ला नृत्य (D) गेर नृत्य

**138** What is the synonym of “Deform”?
(A) mould (B) fashion
(C) distort (D) beautify

**139** Who is Chief Election Commissioner of India? (As on 18 December, 2022)
(A) Rajiv Kumar
(B) Sunil Arora
(C) Om Prakash Rawat
(D) Susheel Chandra
भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं ? (18 दिसम्बर, 2022 के अनुसार)
(A) राजीव कुमार
(B) सुनील अरोरा
(C) ओम प्रकाश रावत
(D) सुशील चन्द्रा

**140** Where was ‘Rajasthan Sewa Sangh’ founded in 1919?
(A) Bijolia (B) Wardha
(C) Ajmer (D) Jaipur
1919 में ‘राजस्थान सेवा संघ’ की स्थापना कहाँ की गई थी ?
(A) बिजौलिया (B) वर्धा
(C) अजमेर (D) जयपुर

**141** According to the India State of Forest Report 2019, the number of states (Not Union Territories) having percentage of forest cover less than 10 is -
इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2019 के अनुसार उन राज्यों (केन्द्र शासित प्रदेश नहीं) की संख्या जहाँ वन क्षेत्र प्रतिशत मान 10 से कम है, वह है –
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8

**142** In a DBMS, the content and location of data is identified by :
(A) Subdata
(B) Sequence data
(C) Metadata
(D) Minidata
DBMS में डाटा के कांटेंट व स्थान की पहचान इससे की जाती है :
(A) सबडाटा (Subdata)
(B) सिक्वेंस डाटा (Sequence data)
(C) मेटाडाटा (Metadata)
(D) मिनीडाटा (Minidata)

MASTER

143 The Election Commission of states give their recommendations regarding disqualification of assembly members –
(A) To Chief Minister
(B) To Governor
(C) To Lokayukta
(D) To High Court
राज्यों के निर्वाचन आयोग विधान सभा सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में अपना परामर्श देते हैं –
(A) मुख्य मंत्री को
(B) राज्यपाल को
(C) लोकायुक्त को
(D) उच्च न्यायालय को

144 From which civilization have the remains of well developed walled fortification found?
(A) Pilibanga (B) Ganeshwar
(C) Kalibanga (D) Balathal
किस सभ्यता में अच्छी विकसित प्राचीर युक्त किलेबंदी के अवशेष मिले हैं?
(A) पीलीबंगा (B) गणेश्वर
(C) कालीबंगा (D) बालाथल

145 Who is the Basketball legend and Arjun awardee, who died on 15 November, 2022?
(A) Ghulam Abbas Moontsir
(B) Sarabjit Singh
(C) Gurdayal Singh
(D) Khushi Ram
भारत के बास्केटबाल दिग्गज एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता कौन हैं, जिनका 15 नवम्बर, 2022 को देहान्त हो गया?
(A) गुलाम अब्बास मुंटसिर
(B) सरबजीत सिंह
(C) गुरदयाल सिंह
(D) खुशी राम


146 Where are files moved in windows after deletion?
(A) Windows Explorer
(B) Recycle Bin
(C) Control Panel
(D) My Documents
डिलीट होने के बाद विंडोज में फ़ाइलें कहाँ जाती हैं?
(A) विण्डोज एक्सप्लोरर
(B) रिसाइकिल बिन
(C) कन्ट्रोल पैनल
(D) माय डॉक्यूमेंट्स

147 Under Indira Rasoi Yojana, Lunch is provided at ₹ ______ per plate.
इन्दिरा रसोइ योजना के अन्तर्गत ₹ ______ प्रति प्लेट में दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।
(A) 17 (B) 7
(C) 8 (D) 12

148 How many days' work is provided to urban unemployed persons under Indira Gandhi Shahari Rojgar Guarantee Yojana?
इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत शहरी बेरोजगारों को कितने दिन के रोजगार की गारंटी दी जाती है?
(A) 60 (B) 100
(C) 120 (D) 150

149 Who among the following artisans awarded Padmashri for Terracotta of Molela?
(A) Mohan Lal Kumhar
(B) Mahesh Soni
(C) Arjun Prajapati
(D) Shree Lal Joshi
निम्न दस्तकारों में से किसे टेराकोटा ऑफ मोलेला के लिए पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है?
(A) मोहनलाल कुम्हार
(B) महेश सोनी
(C) अर्जुन प्रजापति
(D) श्री लाल जोशी

150 Study the following graph carefully to answer the question :
निम्न ग्राफ का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दीजिए :




What is the respective ratio of total number of students of college A to C?
कॉलेज A तथा C में कुल विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है?
(A) 3 : 2 (B) 2 : 3
(C) 1 : 2 (D) 1 : 1

MASTER

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

MASTER

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें । वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे । परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।